**सुविचार**

लोग कहते हैं कि वे समझते हैं कि मैं क्या कहता हूं और मैं सरल हूं। मैं सरल नहीं हूँ, मैं स्पष्ट हूं।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 73 | पंचकूला। रविवार, 19 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4



**पंचकूला.** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र को संबोधन सुना। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी, कालका की विधायक शक्तिरानी शर्मा, पूर्व मंत्री कंवरपाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, भाजपा नेता बंतो कटारिया उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने रोटी और चारा खिलाकर गौ माता की सेवा की



**पंचकूला.** श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने रोटी और चारा खिलाकर की गौ माता की सेवा धर्म नगरी पंचकूला में शनिवार 18 अप्रैल को श्री राम सेवादार ट्रस्ट ने रोटी और चारा खिलाकर गौ माता की सेवा की। माता मनसा देवी गौशाला गौधाम पंचकूला में यह सेवा नेहा गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता (211, सेक्टर 12 पंचकूला) द्वारा दी गई। गौ चारे की यह सेवा नेहा गुप्ता जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दी गई। अभिषेक गुप्ता जी द्वारा ट्रस्ट को 12 भंडारों की सेवा दी गई है। गौ माता को प्रेमपूर्वक रोटी, चारा, गुड़, चोकर, हरी सब्जियां और दलिया आदि खिलाया गया। सेवा के समय राकेश गोयल, अभिषेक गुप्ता, नेहा गुप्ता, नरेश सिंगला, विकास गोयल, दिनेश सिंगला, सतीश पंडित जी, कृष्ण कुमार, आरती एवं रमेश कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौ सेवा के बाद ट्रस्ट ने आए हुए सभी गौ सेवकों का धन्यवाद व्यक्त किया और प्रभु श्री राम से सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

### वार्ड नंबर 5 में विकास कार्यों के दम पर जय कौशिक का मजबूत दावा



**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 5 में सियासी हलचल तेज हो गई है। इस वार्ड में हुए विकास कार्यों को आधार बनाकर पूर्व पार्षद जय कौशिक एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी से अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रहे हैं।वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई बड़े काम किए गए हैं। लोगों को पीने के पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए तीन नए ट्यूबवेल लगाए गए, जिससे पहले की पानी किल्लत काफी हद तक दूर हो गई है। बच्चों और युवाओं के लिए मिनी स्टेडियम बनाए गए हैं, जहां वे खेलकूद गतिविधियां कर सकते हैं।बरसाती पानी की निकासी के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किए गए हैं, जिससे जलभराव की समस्या में कमी आई है। पार्कों में अब शाम के समय बच्चे बैडमिंटन खेलते नजर आते हैं, जो बेहतर सुविधाओं का संकेत है।सेक्टर-15 में शहर का सबसे बड़ा सामुदायिक केंद्र भी बनाया गया है, जिसमें करीब 2000 लोग एक साथ कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। इसके अलावा सड़कों, गलियों, स्ट्रीट लाइट और पार्कों के विकास पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।पूर्व पार्षद जय कौशिक का कहना है कि उन्होंने अपने चुनावी वादों को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। उनके अनुसार, वार्ड में करोड़ों रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं, जिनमें पानी, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं।स्थानीय निवासी भी इन कार्यों को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सेक्टर-15 के निवासी राजेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में काफी काम हुए हैं और लोगों को सुविधाएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पार्षद ने कभी किसी काम के लिए मना नहीं किया, हालांकि कुछ कार्य अभी बाकी हैं, जिनके लिए वे लगातार संपर्क में हैं।वहीं, मकान नंबर 2136 के निवासी सतीश गाबा ने बताया कि पहले पार्कों की हालत खराब थी और गंदगी रहती थी। बच्चों के खेलने के लिए भी उचित स्थान नहीं था, लेकिन पिछले पांच वर्षों में काफी सुधार हुआ है। अब लोग अपने घरों के आसपास ही सैर और खेलकूद कर पा रहे हैं।कुल मिलाकर, वार्ड नंबर 5 में हुए विकास कार्यों के आधार पर जय कौशिक एक बार फिर चुनावी मैदान में मजबूत स्थिति में नजर आ रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

**श्रीनगर.** कश्मीर घाटी में शनिवार को रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसका केंद्र अफगानिस्तान के बदाखशान प्रांत में था। घरों में पंखे सहित अन्य वस्तुएं हिलती हुई देख लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अभी तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह 8ः24 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पृथ्वी के 190 किलोमीटर अंदर था। इसके निर्देशांक 36.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.92 डिग्री पूर्वी देशांतर हैं। भूकंप

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता दो से बढ़ाकर 60 फीसदी किया

## 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा



पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी, जिससे कर्मचारियों की सैलरी में इजाफा होगा। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

कैबिनेट ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत (डीआर) जारी करने की भी मंजूरी दी है। यह बढ़ोतरी मौजूदा 58 प्रतिशत की दर से 2 प्रतिशत ज्यादा है, जो महंगाई के असर को कम करने के लिए दी जा रही है।

सरकार के अनुसार, डीए और डीआर बढ़ाने से सरकारी खजाने पर सालाना करीब 6,791.24 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस फैसले से लगभग 50.46 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.27 लाख पेंशनर्स को फायदा मिलेगा। यह बढ़ोतरी 7वां केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय किए गए फॉर्मूले के अनुसार की गई है। इस फैसले से कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी, वहीं दूसरी ओर प्रस्तावित 8वें वेतन आयोग को लेकर भी वेतन संरचना में बड़े बदलाव की मांग तेज हो रही है। इसी बीच, नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी (एनसी-जेसीएम) ने सरकार को दिए गए ज्ञापन में फिटमेंट फैक्टर को 3.83 तक बढ़ाने की मांग की है। अगर यह प्रस्ताव मान लिया जाता है, तो न्यूनतम बेसिक सैलरी 18,000 रुपए से बढ़कर करीब 69,000 रुपए तक पहुंच सकती है। फिटमेंट फैक्टर एक ऐसा गुणक होता है, जिसके जरिए महंगाई और जीवन-यापन की लागत को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की सैलरी तय की जाती है।

एनसी-जेसीएम ने इसके अलावा हर साल 6 प्रतिशत वेतन वृद्धि, प्रमोशन पर दो इंक्रीमेंट और कम से कम 10,000 रुपए का लाभ देने जैसे सुझाव भी दिए हैं। यदि ये बदलाव लागू होते हैं, तो देश के 50 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारी और करीब 65 लाख पेंशनर्स सीधे तौर पर प्रभावित होंगे।

### पीएमजीएसवाई-3 को मार्च 2028 तक जारी रखने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-3) के तीसरे चरण को मार्च 2025 के बाद बढ़ाकर अब मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए संशोधित बजट 83,977 करोड़ रुपए तय किया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में मुख्य सड़कों और जरूरी संपर्क मार्गों को मजबूत किया जाएगा। खास तौर पर गांवों को ग्रामीण कृषि बाजार (ग्राम), उच्च माध्यमिक स्कूलों और अस्पतालों से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस योजना की समय-सीमा बढ़ाने से इसके सामाजिक और आर्थिक फायदे पूरी तरह से सामने आएंगे। इससे ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का काम पूरा हो सकेगा और लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों और अन्य उत्पादकों को बाजार तक पहुंच आसान होगी, परिवहन समय और लागत कम होगी, और ग्रामीण आय में सुधार आएगा। इसके अलावा, बेहतर कनेक्टिविटी से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी, खासकर दूर-दराज और पिछड़े इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए।कैबिनेट ने योजना के तहत सड़कों और पुलों के निर्माण की समय-सीमा भी बढ़ा दी है। मैदानी इलाकों में सड़कों और पुलों के लिए मार्च 2028 तक का समय दिया गया है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के लिए समय-सीमा मार्च 2029 तक बढ़ाई गई है। साथ ही, 31 मार्च 2025 से पहले स्वीकृत लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुए प्रोजेक्ट्स को भी अब टेंडर के जरिए आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## यूपी और आंध्र प्रदेश के 15 जिलों में रेलवे नेटवर्क का होगा विस्तार

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश के लिए 24,815 करोड़ रुपए की लागत वाली रेलवे के दो बड़े मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी। प्रोजेक्ट्स के तहत दोनों राज्यों के 15 जिलों में रेलवे नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा, जिससे भारतीय रेलवे का नेटवर्क करीब 601 किलोमीटर तक बढ़ जाएगा। इसमें गाजियाबाद-सीतापुर के बीच तीसरी और चौथी लाइन (403 किमी) और राजमुंद्री (निदादवोलू)-विशाखापत्तनम (दुव्वाडा) के बीच तीसरी और चौथी लाइन (198 किमी) शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन प्रोजेक्ट्स से देश के कई प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान हो जाएगी। इनमें दूधेश्वरनाथ मंदिर, गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट, अमरोहा की दरगाह शाह विलायत जामा मस्जिद, नैमिषारण्य (सीतापुर), अन्नवरम, अंतरवेदी और द्राक्षारामम जैसे स्थान शामिल हैं। ये रेल मार्ग कोयला, अनाज, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद (पीओएल), लोहा-इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रसायन और चूना पत्थर जैसे जरूरी सामानों की ढुलाई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## पुणे में एयरफोर्स के विमान की हार्ड लैंडिंग, करीब 11 घंटे बंद रहा रनवे

**पुणे।** पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई। रात 10:30 बजे हुई इस घटना के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। जिसके कारण एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन करीब 11 घंटे तक प्रभावित रहा। पुणे एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष धोके ने बताया कि IAF के विमान को सुबह करीब 5.45 बजे रनवे से हटा दिया गया था। लेकिन नोटम का टाइम बढ़ाकर सुबह 9 बजे कर दिया गया था। हालांकि फ्लाइट ऑपरेशन सुबह 7.30 बजे के बाद नॉर्मल हो सका। IAF ने X पर बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं। रनवे की मरम्मत के बाद उसे फ्लाइट्स के लिए फिट घोषित कर दिया गया। दिन भर में ऑपरेशन सामान्य हो जाएगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर के मुताबिक रनवे बंद रहने के दौरान 5 एयरलाइंस की 91 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। जबकि 12 फ्लाइट्स को डाइवर्ट कर दिया गया।

# पंचकूला की सभी किसान मंडी होंगी सुव्यवस्थित : विनय कुमार



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला.** शहर भर में किसान मंडियों के कामकाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, नगर निगम पंचकूला के आयुक्त श्री विनय कुमार और किसान मंडियों के प्रतिनिधियों के बीच एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। किसान मंडियों के प्रतिनिधियों का नेतृत्व श्री अजय कुमार ने किया। इस बैठक में जनता की चिंताओं के समाधान और मंडियों को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी तथा नागरिक-अनुकूल बनाने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।यह पहल सहयोगात्मक शासन का एक मजबूत उदाहरण है, जिसमें दोनों हितधारकों ने एक साथ आकर किसान मंडियों के वर्तमान संचालन से निवासियों को हो रही समस्याओं के व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान विकसित करने का प्रयास किया।बैठक में आपसी सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें सुव्यवस्थित योजना और जनता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। नगर निगम पंचकूला के इंजीनियरिंग विंग ने मंडियों के लिए सेक्टर-वार लेआउट प्लान तैयार किए हैं। इन योजनाओं का मुख्य फोकस स्पष्ट रूप से निर्धारित वेंडिंग ज़ोन, पैदल यात्रियों और वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त चौड़ी लेन, तथा उचित रूप से चिन्हित पार्किंग स्थलों पर है। भविष्य में व्यवस्था, सुरक्षा और सभी के लिए आसान पहुंच बनाए रखने के लिए इन लेआउट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग क्षेत्रों में ही खड़ा करना अनिवार्य होगा। यातायात के सुचारू प्रवाह और भीड़भाड़ को रोकने के लिए किसी भी उल्लंघन पर चालान किया जाएगा।सड़क के किनारों (बर्म्स) पर किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। विक्रेताओं को अनुमोदित लेआउट के अनुसार केवल निर्धारित स्थानों के भीतर ही अपना व्यवसाय संचालित करना होगा।प्रत्येक विक्रेता के लिए कचरे के पृथक्करण हेतु दो अलग-अलग कूड़ेदान रखना अनिवार्य होगा। नगर निगम पंचकूला प्रत्येक मंडी में दो निर्धारित स्थानों पर कम से कम चार बड़े सामुदायिक कूड़ेदान स्थापित करेगा, ताकि कचरे का कुशल संग्रह सुनिश्चित किया जा सके।विक्रेता गैर-बायोडिग्रेडेबल (नष्ट न होने वाली) प्लास्टिक पॉलीथीन थैलियाँ उपलब्ध नहीं कराएंगे। पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए ग्राहकों को पुनः उपयोग योग्य थैलियाँ साथ लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मंडी प्रतिनिधियों ने निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं का कड़ाई से पालन करने पर सहमति व्यक्त की है। दोषपूर्ण बाटों और मापों के उपयोग से कम तौलने जैसी अनुचित व्यापारिक प्रथाओं को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा।दुकानदारों द्वारा रंगीन रोशनी (कलर लाइट्स) का उपयोग एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। केवल सफेद रोशनी की अनुमति होगी, ताकि फलों और सब्जियों का प्राकृतिक रंग एवं गुणवत्ता उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से स्पष्ट दिखाई दे सके।आयुक्त श्री विनय कुमार ने शहरी सेवाओं को बेहतर बनाने और यह सुनिश्चित करने के प्रति पंचकूला नगर निगम की प्रतिबद्धता को दोहराया कि किसान मंडियों जैसे सार्वजनिक स्थान अनुशासित और स्वच्छ तरीके से संचालित हों।

उन्होंने नागरिकों से भी एक स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक व्यवस्थित शहर के निर्माण में इस पहल का सहयोग और समर्थन करने का आह्वान किया।

## विपक्षी नेताओं को देश की महिलाओं से कोई मतलब नहीं : सीएम गुप्ता

**नई दिल्ली.** महिला आरक्षण संशोधन बिल (131वां संशोधन विधेयक) खारिज होने को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पहले से ही तय कर रखा था कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं तक कभी नहीं पहुंचने दिया जाएगा। रेखा गुप्ता ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया। इन लोगों ने तय कर रखा था कि किसी भी हालत में महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा तक नहीं पहुंचने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार अलग-अलग बहाने बनाता रहा, कभी जाति के आधार पर आरक्षण की बात, कभी धर्म के आधार पर, तो कभी सीटों की संख्या को लेकर सवाल उठाए गए।

**पंचकूला नगर निगम चुनाव**

# वार्ड नंबर 6 से प्रवीण गोयल ने दावा ठोका, लोगों का समर्थन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पिछले 40 वर्षों से समाजसेवा को समर्पित पूर्व पार्षद एसएस गोयल की अगली पीढ़ी ने राजनीति में कदम रख लिया है। एसएस गोयल के बेटे प्रवीण गोयल पंचकूला नगर निगम चुनाव में ताल ठोकने जा रहे है। प्रवीण गोयल भी 35 वर्ष से समाजसेवा में है। वह पंचकूला की कई समस्याओं को उठाकर हल करवा चुके हैं। प्रवीण गोयल हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत हैं और प्रशासनिक अनुभव एवं समाजसेवा के दम पर अब नगर निगम पंचकूला के वार्ड नंबर 6 की तस्वीर बदलने के लिए तैयार हैं।



**भाजपा से किया आवेदन:** नगर निगम चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में टिकट के दावेदारों की सक्रियता लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में वार्ड नंबर-6 से प्रवीण के. गोयल ने भाजपा टिकट के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने अपना आवेदन जिला अध्यक्ष अजय मित्तल को सौंपा।

**पिता रह चुके हैं पार्षद:** अपने आवेदन में परवीन गोयल ने स्पष्ट किया कि वह वार्ड-6 से भाजपा के टिकट पर पार्षद चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। उन्होंने अपने लंबे सामाजिक और प्रशासनिक अनुभव का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके परिवार का भी जनसेवा से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता एसएस गोयल वर्ष 2003 से 2008 तक सेक्टर-16 से पार्षद रह चुके हैं, जिससे उन्हें जनसेवा की प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। एसएस गोयल आज भी पूरे दम से लोगों की आवाज को उठाते हैं और समस्याओं को हल करवाने में योगदान देते हैं। प्रवीण गोयल ने अपने पेशेवर अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने हुडा विभाग में 32 वर्षों तक पर्सनल असिस्टेंट के रूप में सेवाएं दीं और वर्ष 2020 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। वह वर्ष 1993 से पंचकूला में निवास कर रहे हैं और लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह वर्ष 1997 से अग्रवाल सभा के सक्रिय सदस्य हैं और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, पंचकूला के युवा विंग के अध्यक्ष के रूप में करीब पांच वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कई रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वार्ड-6, जिसमें सेक्टर-16, 17 और 18 शामिल हैं, में अग्रवाल समाज के मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है और पूर्व में भी इस वर्ग के प्रत्याशी यहां से जीत दर्ज करते रहे हैं।

# ईरान ने 24 घंटे में होर्मुज को बंद किया कहा- अमेरिका ने सीजफायर डील तोड़ी

**तेहरान।** ईरान ने फिर से होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया है। इसे शुक्रवार को खोला गया था, लेकिन अब इस समुद्री रास्ते पर पाबंदियां लगा दी गई हैं। ईरान ने कहा कि अमेरिका से बातचीत के बाद उसने भरोसे में आकर कुछ तेल और माल ले जाने वाले जहाजों को गुजरने दिया था। लेकिन अमेरिका ने अपने वादे नहीं निभाए और नाकेबंदी के बहाने जहाजों के साथ सख्ती की। यह सीजफायर डील का उल्लंघन है, इसलिए अब होर्मुज से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह सेना के कंट्रोल में होगी। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी नहीं हटाता, तब तक वह होर्मुज से जहाजों को गुजरने नहीं देगा। अमेरिका ने होर्मुज से नाकेबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तब तक यह जारी रहेगी।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका हर हालत में ईरान के पास मौजूद एनरिच्ड यूरेनियम लेकर रहेगा। अगर बातचीत से समझौता नहीं हुआ, तो यह काम और सख्त तरीके से भी किया जा सकता है। ट्रम्प 'बहुत ज्यादा बोलते हैं'... अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बहुत ज्यादा बोलते हैं और उनके बयान में ही विरोधाभास नजर आता है। अंताल्या डिप्लोमैटिक फोरम के दौरान मीडिया से बातचीत में खतीबजादेह ने यह टिप्पणी की। दरअसल, ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि अगर बुधवार तक ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका फिर से बमबारी शुरू कर सकता है। इस पर जवाब देते हुए ईरानी अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प एक ही बयान में अलग-अलग बातें करते हैं और यह स्पष्ट नहीं होता कि उनका असली इरादा क्या है। खतीबजादेह ने चेतावनी दी कि अगर देश पर हमला हुआ तो ईरान अपनी रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेगा और आखिरी सैनिक तक संघर्ष करेगा।

## एक नजर

### मजीठिया ने 'आप' सरकार पर कसा तंज, बोले- भगवंत मान सरकार ने सिर्फ भर्तियां रद्द की

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल नेता विक्रम सिंह मजीठिया ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर भर्ती रद्द करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी के शासन की पहचान अब रद्द की गई भर्तियां बन गई हैं। विक्रम सिंह मजीठिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने इसी महीने 3,000 असिस्टेंट लाइनमैन पदों की घोषणा करने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्हें रद्द कर दिया। उन्होंने लिखा कि भाषा विभाग में प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए दिसंबर 2025 में दो रिसर्च असिस्टेंट पदों को खत्म कर दिया गया। वहीं, परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के बाद भी दिसंबर 2025 में ही 343 मनोवैज्ञानिक पदों को रद्द कर दिया गया। विक्रम सिंह मजीठिया ने पंजाब सरकार पर तंज कसते हुए लिखा कि बड़े-बड़े दावों से लेकर अचानक फैसले वापस लेने तक भगवंत मान के नेतृत्व में रोजगार का यही रिकॉर्ड रहा है। पटियाला में अप्रेंटिस सड़कों पर उतर आए, लेकिन उनकी चिंताओं को सुलझाने के बजाय, पूरी भर्ती प्रक्रिया ही वापस ले ली गई। उन्होंने ऊर्जा मंत्री संजीव अरोड़ा पर निशाना साधते हुए लिखा कि संजीव अरोड़ा बैठकें तो करते हैं, लेकिन उनके फैसलों से नीतिगत विफलता साफ झलकती है। विक्रम सिंह मजीठिया ने आगे लिखा कि पंजाब के युवा तैयारी करते हैं, परीक्षा पास करते हैं, और फिर देखते ही देखते उनकी नौकरियां रातों-रात गायब हो जाती हैं। मजीठिया ने लिखा कि ढोंगी भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने रोजगार के सपने तो दिखाए, लेकिन बदले में सिर्फ भर्तियां रद्द कीं। कागजो पर तो गारंटियां दी गईं, लेकिन जमीनी हकीकत में सिर्फ धोखा मिला। वादे तोड़ने का यह सिलसिला अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है।

### 1 मई संगठनों की मीटिंग में फैसला, मजदूर आंदोलन के हक में 24 को प्रोटेस्ट

**जगराओं.** महान इंटरनेशनल मज़दूर दिवस मनाने के सिलसिले में आज यहां शहीद नछत्तर सिंह धालीवाल मेमोरियल हॉल में सभी संगठनों की एक जॉइंट मीटिंग हुई। मीटिंग में सभी प्रतिनिधियों ने कल वृंदावन नाव हादसे में मारे गए सभी लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस बेहद दुखद घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई। मीटिंग में इस हादसे के लिए योगी सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया गया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मीटिंग में नोएडा, मानेसर और दूसरे शहरों में इंडस्ट्रियल मज़दूरों के हक के लिए चल रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए, मज़दूरों की मांगें मानने के बजाय पुलिस के अंधे दमन की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पास किया गया और कहा गया कि भाजपा का राज असल में हिटलर राज है। मीटिंग में 24 अप्रैल को शाम 5 बजे कमेटी पार्क जगराओं में मज़दूर आंदोलन के हक में प्रोटेस्ट करने का फैसला किया गया। मीटिंग में तय हुआ कि 1 मई को, यानी महान इंटरनेशनल वर्कर्स डे पर सुबह 10.30 बजे जगराओं बस स्टैंड पर वर्कर्स कॉन्फ्रेंस होगी। इस कॉन्फ्रेंस में स्पीकर्स देश और दुनिया में वर्किंग क्लास के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। उसके बाद श्रद्धांजलि मार्च निकाला जाएगा। मीटिंग में कंवलजीत खन्ना, बलराज सिंह कोट उमरा, अवतार सिंह गगरा, अशोक भंडारी, मास्टर अवतार सिंह, जगदीश सिंह काउंके, रणजीत सिंह मोंटी, प्रितपाल सिंह, बूटा सिंह हंस, बलविंदर सिंह कानूनगो, बलदेव सिंह फौजी, अमीर सिंह, हरबंस लाल वगैरह मौजूद थे।

### मनौली सूरत में चोई के पुल के अधूरे काम से राहगीर परेशान

**बनूड़.** लालडू जाने वाली रोड पर गांव मनौली सूरत में घग्गर नदी के पास चोई के पुल का काम अधूरा पड़ा है। लोक निर्माण विभाग ने पुल पर पहले से लगे पाइपों को खोदकर टेम्परारी रास्ता बना दिया है। इस रोड पर रोक के बावजूद रोज़ाना बड़ी संख्या में भारी गाड़ियां भी गुजर रही हैं, जिससे हादसे का भी डर बना हुआ है। गांव मनौली सूरत के रहने वाले पाल राम, गुरप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, मेवा सिंह, गिरधारी लाल, लाल चंद, निरमैल सिंह, लाभ सिंह और जागीर सिंह हंसाला आदि ने बताया कि अगस्त 2023 में आई बाढ़ में उक्त चोई का पुल बह गया था। उन्होंने बताया कि तब से यहां पाइप लगाकर टेम्परारी पुल बना दिया गया था और पक्का पुल नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने विभाग ने पुल पर लगाए गए पाइपों को खोदकर निकाल दिया और एक तरफ के टेम्परारी कॉरिडोर को चालू कर दिया था। उन्होंने कहा कि इस पुल का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है, जिससे राहगीर बहुत परेशान है। उन्होंने कहा कि इस सड़क से दर्जनों गांवों के लोग गुजरते है। बनूड़ को लालडू से जोड़ने के लिए यह एकमात्र सीधी और कम दूरी वाली सड़क है। उन्होंने कहा कि खोदे गए पुल के एक हिस्से में पानी भरा हुआ है, जिसे आज निकालना शुरू कर दिया गया है। उन्होंने मांग की कि यहां दोबारा पाइपों वाला टेम्परारी पुल बनाने की बजाय पक्का पुल बनाया जाए, ताकि राहगीरों को कोई दिक्कत न हो।

### सीमावर्ती गांवों में सीएम दी योगशाला बुजुर्गों को कर रही योग से निरोग

**पठानकोर्ट.** मुख्यमंत्री पंजाब भगवत सिंह मान द्वारा शुरू की गई एक अनूठी और अनुपम पहल सीएम दी योगशाला जिला पठानकोट के बुजुर्गों के लिए एक वरदान की तरह सामने आई है। गली मोहल्लों में रहने वाले साधारण परिवारों, विशेष कर ग्रामीण इलाकों के बुजुर्ग जो बड़े-बड़े योग केंद्रों में जाकर योग की क्रियाओं से अपने आप को निरोग रखने में अक्षम पाते थे, उनके लिए गली मोहल्लों में एवं दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में पंजाब सरकार द्वारा सीएम दी योगशाला के नाम से लोगों को उनके घरों में सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिला इंचार्ज सीएम दी योगशाला सुरक्षा शुक्ला ने आज सीमावर्ती इलाके बमियाल में ट्रेनर योगेंद्र गौड़ तथा श्रुति के नेतृत्व में बालोतरा, खोजगीचक्क, कोटली जवाहर, दनवाल, गोहला, रमकालवां में चलाई जा रही योगशाला की कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर कक्षाओं में उपस्थित ग्रामीण लोगों को योग क्रियाओं की बारीकियां और फायदे समझते हुए उनसे योग द्वारा उनके शारीरिक व्याधियों में आए परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जानकारी देते हुए जिला इंचार्ज सीएम दी योगशाला पठानकोट सुरक्षा शुक्ला ने बताया कि विभिन्न इलाकों का दौरा करने के पश्चात ग्रामीण लोगों द्वारा उनके सरपंच साहिबान और गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पंजाब सरकार के इस उपक्रम की दिल खोलकर प्रशंसा की गई। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती इलाके में इस तरह की गतिविधियां किसी भी सरकार द्वारा कभी नहीं चलाई गईं। ग्रामीणों ने पंजाब सरकार के इस उपक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि योग द्वारा निरोग रहने की पद्धति उनके घर तक पंजाब सरकार द्वारा पहुंचाई गई है। जिसके लिए वह मुख्यमंत्री पंजाब भगवत सिंह मान के विशेष आभारी हैं। इस अवसर पर श्रीमती सुरक्षा शुक्ला द्वारा बीडीपीओ बमियाल मलकियत सिंह भट्टी, पंचायत सचिव जेपी सिंह, बीडीपीओ पठानकोट सतनाम सिंह, पंचायत अधिकारी अनिल कुमार से विशेष तौर पर मुलाकात करके उन्हें ग्रामीण इलाकों में योग कक्षाओं द्वारा बुजुर्गों विशेष कर महिलाओं को उनकी शारीरिक व्याधियों से छुटकारा मिलने के बारे में जानकारी प्रदान की।

# सीएम भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब के बुनियादी ढांचे का कायाकल्प लगातार जारी : मंत्री ईटीओ

## पंजाब में 45,000 किलोमीटर सड़कों का हो रहा है निर्माण, जून तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने आज सड़क विकास कार्यों की प्रगति साझा करते हुए बताया कि राज्य में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 45,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।




सरकार का मुख्य लक्ष्य पंजाब के हर गांव को बेहतरीन सड़क नेटवर्क से जोड़ना है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने सड़कों की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर जोर देते हुए कहा कि सरकार ने कड़े नियम लागू किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण के बाद अगले 5 वर्षों तक यदि सड़क को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है, तो उसकी मरम्मत की पूरी जिम्मेदारी संबंधित कॉन्ट्रैक्टर (ठेकेदार) की होगी।

उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वॉड' का गठन किया गया है, जो सीधे तौर पर निगरानी कर रहा है। इसके साथ ही एक विशेष 'क्वालिटी कंट्रोल सेल' भी सक्रिय है और विभाग के अधिकारी समय-समय पर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। ईटीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कई स्थानों पर उन्होंने स्वयं निर्माण कार्यों का जमीनी निरीक्षण किया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि सड़क निर्माण में किसी भी तरह की घटिया या घटिया दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार और लापरवाही के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जा रही है।

### पंजाब में पहली बार किया जा रहा 'फुल डेप्थ रेक्लीमेशन' जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

तकनीकी नवाचार का जिक्र करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब में पहली बार 'फुल डेप्थ रेक्लीमेशन' (एफडीआर) जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तकनीक के तहत वर्तमान में 540 किलोमीटर लंबी लिंक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। एफडीआर तकनीक की खासियत यह है कि इसमें सड़क के स्तर को घरों के स्तर के मुताबिक रखा जाता है, जिससे जलभराव की समस्या नहीं होती। जल्द ही इस तकनीक का दायरा बढ़ाकर राज्य की अन्य सड़कों को भी इसके तहत कवर किया जाएगा। मंत्री ने यह भी साझा किया कि पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश के कारण निर्माण कार्यों में कुछ देरी अवश्य हुई है, लेकिन विभाग अब दुगनी गति से काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जून तक 45,000 किलोमीटर सड़कों का निर्धारित लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा, जिससे पंजाब के निवासियों को सुगम और सुरक्षित सफर की सुविधा मिलेगी।

## आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की भलाई को पंजाब सरकार द्वारा विशेष प्राथमिकताः डॉ. बलजीत



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहां समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की भलाई को भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। पंजाब सरकार द्वारा आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की समस्याओं के समाधान और उनकी भलाई के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यह बात सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही। आज पंजाब भवन, चंडीगढ़ में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की डायरेक्टर श्रीमती शेना अग्रवाल और डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती सुमनदीप कौर की मौजूदगी में आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों के साथ बैठक करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर विभाग का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे जमीनी स्तर पर बच्चों, महिलाओं और परिवारों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की हर जायज मांग को गंभीरता से विचार करके पूरी की जाएगी। बैठक के दौरान आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों द्वारा उठाई गई मांगों को कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बड़े ध्यान से सुना।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों की मांगे सरकार के स्तर पर हल होनी हैं, उन्हें नई गठित सब-कमेटी के सामने विचार किया जाएगा और उनका समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर निकाला जाएगा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ माताओं को जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। गांवों और शहरों में घर-घर जाकर की जा रही यह सेवा समाज की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## सरहद पार से नशा तस्करी करने वाले मॉड्यूल के दो व्यक्ति 64.6 किलो हेरोइन समेत अमृतसर से गिरफ्तार

- **पाकिस्तानी नशा तस्कर मूसा और पुर्तगाल आधारित हैंडलर से जुड़ा है यह गिरोह**




पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से चल रही मुहिम के दौरान नार्को-आतंकवादी नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए काउंटर इंटेलीजेंस विंग की स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर यूनिट ने सरहद पार से नशा तस्करी करने वाले मॉड्यूल के दो मुलजिमों को 64.62 किलोग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार करके इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां साझा की।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के गांव अवान वासाऊ के निवासी सरवन सिंह उर्फ गुज्जर और अमृतसर के गांव दयाल रंगड़ के रहने वाले शमशेर सिंह उर्फ शेरा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा मुलजिमों की मारुति स्विफ्ट कार भी जब्त की है, जिसका वे नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए इस्तेमाल करते थे।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल के पाकिस्तानी तस्करों और पुर्तगाल आधारित हैंडलर से भी संबंध हैं।

उन्होंने कहा, 'सरहद पार से तस्करी करने वाले इस गिरोह के पाकिस्तानी तस्कर मूसा, जिसका नाम 532 किलोग्राम हेरोइन रिकवरी मामले में सामने आया था, से भी संबंध हैं।'

उल्लेखनीय है कि भारतीय कस्टम अधिकारियों ने 2019 में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) अटारी में 532 किलोग्राम हेरोइन की सबसे बड़ी बरामदगी की थी। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने हेतु और जांच की जा रही है। ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए ए.आई.जी. एस.एस.ओ.सी. अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से पुख्ता जानकारी मिली थी कि संदिग्ध सरवन सिंह और शमशेर सिंह ने कुछ दिन पहले सरहद पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन की खेप प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि जानकारी पर और छानबीन करने पर पता लगा कि अपने हैंडलरों के निर्देशों पर ये दोनों प्राप्त की गई खेप को किसी अन्य पक्ष तक पहुंचाने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए एस.एस.ओ.सी. अमृतसर यूनिट टीम ने मुलजिमों को अमृतसर के महल बाईपास के पास काबू किया और उनके कब्जे से 64.62 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।

## ए.आई. पर आयोजित दो-दिवसीय सम्मेलन में विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी के उपभोक्ताओं की बजाय सृजनकर्ता के रूप में तैयार करने पर जोर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** पंजाब की शिक्षा व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) द्वारा यहां सी.आई.आई. के नॉर्दर्न रीजन मुख्यालय में आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज गूगल और इंटेल द्वारा व्यावहारिक वर्कशॉप के साथ समाप्त हो गया।




सम्मेलन ने क्लासरूम में एआई को शामिल करने के लिए एक उपयुक्त रोडमैप तैयार करने हेतु नीति निर्माताओं, शिक्षकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लिए विचार-विमर्श का एक सार्थक मंच प्रदान किया। यह रोडमैप सीखने की गुणवत्ता में सुधार, पहुंच बढ़ाने और विद्यार्थियों को केवल उपभोक्ता न बनाकर प्रौद्योगिकी के निर्माता के रूप में तैयार करने पर केंद्रित होगा।

पी.एस.ई.बी. के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने एआई के नैतिक उपयोग पर जोर दिया और कहा कि इसका उपयोग शिक्षार्थियों की रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को निखारने के लिए किया जा सकता है। आज के डिजिटल युग में, जहाँ एआई-आधारित उपकरण हमारे स्थायी साथी बन गए हैं, विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे ऐसे उपकरणों का चुनाव उसी तरह पूरी समझदारी और परख से करें, जैसे हम अपने मित्रों का चुनाव करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई का उपयोग पूरी जिम्मेदारी से और एक स्पष्ट कानूनी एवं नैतिक ढांचे में रहकर करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो मुख्य उद्देश्यों से समझौता किए बिना उनके लिए सीखने में लाभकारी साबित हो। गूगल के नेतृत्व वाले सत्र में शिक्षा में एआई की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिसमें संवेदनशीलता और जागरूकता-निर्माण पर जोर दिया गया। विचार-विमर्श के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षकों से लेकर प्रशासकों तक, शिक्षा प्रणाली के प्रमुख हिस्सेदार पहले से ही एआई-आधारित दृष्टिकोण से जुड़ रहे हैं और इसे अपना रहे हैं, जो इस बदलाव के लिए हमारी मजबूत तैयारी को दर्शाता है। सम्मेलन का एक मुख्य हिस्सा कार्य स्थल पर एआई का उपयोग विषय पर इंटेल की व्यावहारिक कार्यशाला थी, जिसमें 112 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान सरकारी ढांचे के भीतर एआई उपकरण स्थापित करने पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें डेटा गोपनीयता, जिम्मेदारी से उपयोग और संगठन-विशिष्ट या संवेदनशील जानकारी को अनजाने में साझा करने जैसी स्थितियों की रोकथाम के लिए सुरक्षा उपायों पर जोर दिया गया। आईकेजी पीटीयू द्वारा स्कूल लीडरों के लिए स्कूलों में एआई विषय पर एक और कार्यशाला आयोजित की गई, जो विशेष रूप से प्रिंसिपलों और स्कूल प्रमुखों को ध्यान में रखकर तैयार की गई थी।

## गैंगस्टरां ते वार के 88वें दिन 639 जगहों पर छापेमारी

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां ते वार' के 88वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों के चिन्हित और मैप किए गए 639 ठिकानों पर छापेमारी की।

जिक्रयोग्य है कि 'गैंगस्टरां ते वार' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पुलिस डायरेक्टर जनरल (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा की गई थी।

एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमों ने राज्य भर में विशेष कार्रवाइयां कर रही हैं। उन्होंने बताया कि 88वें दिन, पुलिस टीमों ने चार हथियारों समेत 239 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे मुहिम की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 22,144 हो गई है। इसके अलावा 116 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियातन कार्रवाई की गई है, जबकि 116 व्यक्तियों को तफ्तीश और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के दौरान छह फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।

लोग एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त रूप से चाहे गए अपराधियों और गैंगस्टरों से संबंधित जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों की सूचना भी दे सकते हैं। इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के विरुद्ध अपनी मुहिम युद्ध नशेयां विरुद्ध के 413वें दिन आज 89 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 74.5 किलोग्राम हेरोइन, 3299 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 13,080 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके साथ सिर्फ 413 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 59,476 हो गई है।

## भगवंत मान कैबिनेट का बड़ा फैसला, नदियों से गाद निकालने की नई नीति को मंजूरी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब मंत्रीमंडल ने जनहितैषी नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत जमीन मालिकों को अपनी लागत पर दरियाओं, चोओं और नालों से गाद निकालने की इजाजत दे दी गई है। इस नीति के अंतर्गत दरियाओं, चोओं और नालों से निकाली गई सामग्री को मुफ्त इस्तेमाल करने का अधिकार भी दिया गया है। इसका उद्देश्य मॉनसून से पहले बा? की तैयारियों में तेजी लाना और महत्वपूर्ण हिस्सों में दरियाओं के प्रवाह को बेहतर बनाना है। यह प्रगटावा करते हुये मुख्यमंत्री दफ्तर ने कहा, ''मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब कैबिनेट ने सतलुज, ब्यास और सिसवां दरियाओं समेत दरियाओं/चोओं/सेम नालों की सफाई के लिए जमीन मालिकों को अनुमति देने का ब ?ा जनहितैषी फैसला लिया है। यह फैसला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की



बैठक में लिया गया।'' जमीन मालिकों को अपनी लागत पर दरियाओं, चोओं और नालों को साफ करने तथा खुदाई की गई सामग्री का मुफ्त इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है। मंत्रीमंडल ने संबंधित जमीन मालिकों को सतलुज, ब्यास और सिसवां समेत दरियाओं/चोओं/नालों से गाद निकालने और खुदाई की गई सामग्री को मुफ्त में अपनी लागत पर इस्तेमाल करने की नीति को मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह पहल महत्वपूर्ण जगहों पर तेजी से गाद हटाने, दरियाओं/चोओं के प्रवाह की क्षमता ब ?ाने और बा? के जोखिम को कम करने में मदद करेगी, जिससे सार्वजनिक और निजी संपत्ति की सुरक्षा होगी। पंजाब सरकार ने 9 महत्वपूर्ण जगहों की पहचान की है जहां आगामी मॉनसून सीजन को देखते हुए पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गाद निकालने की जरूरत है। यदि इन जगहों पर गाद निकालने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो इससे गाद जमा हो सकती है, दरियाओं/चोओं के प्रवाह की क्षमता घट सकती है और आने वाले मॉनसून के दौरान बा? का खतरा ब? सकता है। इसके अलावा खुदाई की गई सामग्री का प्रयोग जारी नहीं रखा जा सकता। मॉनसून सीजन 2026-27 से पहले समय पर गाद निकालने को सुनिश्चित करने और संवेदनशील जगहों को हल करने के लिए संबंधित जमीन मालिकों को अपनी लागत पर गाद निकालने की अनुमति देने का फैसला किया गया है, जिसमें खुदाई की गई सामग्री का अपने इस्तेमाल के लिए मुफ्त उपयोग किया जाएगा। यह संभावित बा? के खतरों और संबंधित देनदारियों को कम करते हुए गाद निकालने के कामों को तेजी से पूरा करने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली कैबिनेट ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों/जिला परिषदों और पंचायत समितियों के चेयरमैन/वाइस चेयरमैन के पदों के लिए पंजाब आरक्षण के नियम-6 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में मंत्रीमंडल ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचायत समितियों के चेयरमैन तथा वाइस चेयरमैन के लिए पंजाब आरक्षण के नियम-6 और जिला परिषदों के नियम-1994 में संशोधन को भी मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों में प्रतिनिधित्व को तर्कसंगत बनाना है। इस कदम का उद्देश्य अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जाति की महिलाओं, महिलाओं और जनरल श्रेणी के आरक्षण के लिए हर श्रेणी में प्रतिनिधित्व को उचित बनाना है। इसमें कहा गया है कि यदि राज्य में जिला परिषदों की कुल संख्या का 10 प्रतिशत या इससे अधिक प्रभावित होता है तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति की महिलाएं, महिलाएं और जनरल श्रेणियों के रोटेशन के लिए रोस्टर नए सिरे से तैयार किया जाएगा।

## एक नजर

### लुवास के बीवीएससी एवं एएच तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों का क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार.** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बीवीएससी एवं एएच तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्तराखंड राज्य के प्रमुख शैक्षणिक एवं क्षेत्रीय संस्थानों का एक व्यापक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में देहरादून, मसूरी, पंतनगर, नैनीताल तथा मुक्तेश्वर शामिल रहे। यह भ्रमण डॉ. स्नेहिल गुप्ता एवं डॉ. सुरभि के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता राजेश खुराना तथा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। देहरादून प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय वन्यजीव संस्थान, प्राणी सर्वेक्षण विभाग तथा वन अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण किया। इन संस्थानों में उन्हें वन्यजीव अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण तथा वानिकी विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। भारतीय वन्यजीव संस्थान में डॉ. अनुकूल नाथ द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिसमें वन्यजीव क्षेत्र में पशु चिकित्सा विज्ञान की बढ़ती भूमिका, रोग निगरानी, संरक्षण चिकित्सा तथा अंत:विषय सहयोग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राणी सर्वेक्षण विभाग में निदेशक डॉ. गौरव शर्मा ने संस्थान की गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जैव विविधता आकलन, वर्गिकी तथा वन्यजीव स्वास्थ्य के क्षेत्र में पशु चिकित्सकों के लिए उपलब्ध अवसरों पर भी चर्चा की। मसूरी में विद्यार्थियों ने स्थानीय पशु चिकित्सालयों का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें पर्वतीय क्षेत्रों में फील्ड स्तर पर पशु चिकित्सा सेवाओं, रोग निदान एवं उपचार प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

### पैलेडियम स्कूल की अनवी ने 97.6 फीसदी अंक हासिल कर पाया लड़कियों में प्रथम स्थान

**हिसार.** पैलेडियम स्कूल की होनहार छात्रा अनवी ने सीबीएसई 10वीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लड़कियों में टॉप किया है। अनवी के पिता डॉ कौशल महता, दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर हैं, जबकि उनकी मां डॉ प्रेम महता, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , हिसार में टेक्निकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। अनवी ने बताया कि उसकी सफलता उसके शिक्षकों और माता-पिता के मार्गदर्शन का परिणाम है। उनकी प्रेरणा से ही वह अपने शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सफल हुई है। स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती निशि भटनागर और शिक्षकों ने अनवी को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उसके उवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। प्रिंसिपल श्रीमती निशि भटनागर ने कहा कि अनवी सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### हरियाणवी फिल्म 'लाइसेंस' का हाई-एनर्जी डांस ट्रैक 'गुंड्यां में बसंती' रिलीज

**अंबाला.** सुपरस्टार मासूम शर्मा अभिनीत बहुप्रतीक्षित हरियाणवी फिल्म लाइसेंस के ट्रैक 'गच लागे' और 'लाइसेंस का असला' को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, निर्माताओं ने अब 'गुंड्यां में बसंती' नामक एक हाई-एनर्जी डांस नंबर पेश किया है। इस गाने में लोकप्रिय डांसिंग सेंसेशन गोरी नागोरी के साथ-साथ मासूम शर्मा और अनुभवी अभिनेता यशपाल शर्मा की शानदार मौजूदगी है। जीवंत दृश्यों और थिरकने पर मजबूर कर देने वाली कोरियोग्राफी से भरपूर, 'गुंड्यां में बसंती' दर्शकों को आकर्षित कर रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। गाने को मासूम शर्मा ने कंपोज किया है और नरेंद्र भगाना व स्वरा वर्मा के साथ मिलकर अपनी आवाज दी है। इसके बोल अमर कर्णवाल ने लिखे हैं, जबकि पिन्ना म्यूजिक का संगीत निर्देशन गाने को आधुनिक और जोशीला अंदाज देता है। मासूम शर्मा ने बताया कि, यह ट्रैक हमारी फिल्म की ऊर्जा और एटीट्यूड को दर्शाता है। हम ऐसा गाना बनाना चाहते थे जो दर्शकों को तुरंत जोड़ दे और नाचने पर मजबूर कर दे। स्वरा वर्मा ने कहा, यह गाना बेहद जीवंत है और मुझे नई शैली में गाने का अवसर मिला। उम्मीद है श्रोता इसकी ऊर्जा को महसूस करेंगे। वहीं नरेंद्र भगाना ने इसे पूरी तरह एंटरटेनिंग और दर्शकों को तुरंत पसंद आने वाला ट्रैक बताया। अमर कर्णवाल ने कहा कि, हमने बोल को देसी और प्रभावी रखने की कोशिश की है। रंजीत चौहान द्वारा निर्देशित और शकुंतलम फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित यह फिल्म 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कॉलेज में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**यमुनानगर.** संत निश्चल सिंह (एसएनएस) कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वीमेन में शिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उपकरण और तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों को आधुनिक डिजिटल साधनों के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित संसाधन व्यक्ति करमजीत कौर ने छात्र-अध्यापिकाओं को गूगल कक्षा, क्विज़िज़ और काहूट जैसे डिजिटल मंचों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से कक्षा में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है और आभासी अधिगम को अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती जसप्रीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि 21वीं सदी के शिक्षकों के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की दक्षता अत्यंत आवश्यक है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य में निर्माणाधीन बड़ी विकास परियोजनाओं की समीक्षा की, विभागों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

# विश्व स्तरीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र विकसित किए जाएंगे : सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में एक उच्च स्तरीय 'प्रगति' समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राज्य भर में चल रही 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक परियोजना का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शहरी विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना, पर्यटन, पुरातत्व और आपातकालीन सेवाओं से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि फरीदाबाद में 217 करोढ़ रुपये की मास्टर जल आपूर्ति संवर्धन योजना, जिसमें यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में 12 रैनी वेल स्थापित किए जा रहे हैं, 67 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है।

दो रैनी वेल पहले ही पूरे हो चुके हैं और शेष स्थलों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य जारी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संशोधित समय सीमा का सख्ती से पालन करने और परियोजना के सभी घटकों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल गुणवत्ता के मानकों पर विस्तृत जानकारी भी मांगी और कहा कि यह परियोजना सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी जिससे आमजन को काफी लाभ मिलेगा।

सड़क अवसंरचना के संबंध में मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि वह रेवाड़ी में बाईपास रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग-8 तक 120 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण कार्य (जो वर्तमान में 65 प्रतिशत पूर्ण है) को तेजी से पूरा करवाएं। अधिकारियों ने बताया कि पंचकूला में प्रस्तावित विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही टेंडर आवंटन को अंतिम रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसका कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भिवानी में इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी समीक्षा की। इस बारे में अधिकारियों ने उन्हें बताया कि टेंडर स्वीकृति के बाद जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। इस परियोजना की आधारशिला पहले ही रखी जा चुकी है।

स्वास्थ्य अवसंरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य भर में विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इनमें फतेहाबाद में 200-बेड अस्पताल, टोहाना में 100-बेड अस्पताल, गुरुग्राम के सिविल अस्पताल को 100 से 200 बेड तक उन्नत करना तथा अंबाला कैंट में क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में इनकी निर्माण गुणवत्ता और चिकित्सा अवसंरचना के मानकों से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रमुख विरासत परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि राखीगढ़ी साइट संग्रहालय लगभग पूरा होने के करीब है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत सिविल कार्य पूरा हो चुका है और यह शीघ्र ही उद्घाटन के लिए तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने विरासत के प्रति जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएं ताकि वे राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें और भारत की प्राचीन सभ्यता के प्रति गहरी समझ विकसित कर सकें। नायब सिंह सैनी ने सिख संग्रहालय तथा गुरु रविदास भवन एवं संग्रहालय की प्रगति की भी समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों को सभी लंबित प्रशासनिक स्वीकृतियों को शीघ्र पूरा करने, वास्तु एवं डिजाइन कार्यों को जल्द अंतिम रूप देने तथा समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों को राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाने वाले विश्वस्तरीय केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने फायर एवं आपातकालीन सेवाओं, विभाग के अंतर्गत खरीद से संबंधित परियोजनाओं की भी समीक्षा की, जिनमें फोम टेंडर और हाई-राइज टर्न टेबल लैडर शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने और आधुनिक अग्निशमन अवसंरचना जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, आयुक्त एवं सचिव, विरासत एवं पर्यटन विभाग डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका सांपला चुनाव हेतु भाजपा चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

**रोहतक.** नगर पालिका सांपला चुनाव के मद्देनजर आज चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, नगर निगम रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रोहतक एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हवन-यज्ञ के साथ की गई, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं भाजपा की विजय की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों के बल पर पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि सांपला क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। वहीं मेयर रामावतार वाल्मीकि ने नगर निगम में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए जनता से भाजपा प्रत्याशियों को थर्न देने की अपील की।

जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनाव प्रचार में जुटें और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला शक्ति से घबराए विपक्ष ने महिलाओं को हक देने वाला बिल गिरवा दिया : विज

- राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता के आरोपों पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज बोले, 'जांच के बाद ही सामने आएगी सच्चाई'
- कानून व्यवस्था के साथ सबके मान-सम्मान की रक्षा करना भी सरकार दायित्व है

पंचकूला ऑब्जर्वर



**अंबाला.** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े बिल के 54 वोटों से गिरने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों के पुरुष, महिलाओं की शक्ति से घबरा गए और घबराकर उन्होंने बिल गिरवा दिया जबकि ये बिल सारे हिंदुस्तान के पक्ष में था।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह बिल महिलाओं को हक देने का बिल था और परिसीमन का बिल था क्योंकि लोकसभा की सीटें 1976 में जितनी थी आज भी उतनी ही है और 1976 में देश में 56 करो? जनसंख्या थी जोकि आज बढ़कर 145 करोड़ हो गई है। 172 सीटे तो ऐसी है जिनकी जनसंख्या 20 लाख से ज्यादा है। तो यह एक सांसद/ प्रतिनिधि के लिए सभी की समस्या सुनना व हल करना मुमकिन नहीं है। इसलिए इसे बराबर करना बहुत आवश्यक था लेकिन विपक्ष ने जनहित के काम को इकट्ठे होकर इसको गिरवा दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दोहरी नागरिकता के आरोपो पर जांच के निर्देश दिए गए हैं जिस पर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोर्ट ने स्पष्ट रूप से आदेश दिए हैं कि राहुल गांधी के खिलाफ दोहरी नागरिकता के मामले में जांच की जाए। उन्होंने कहा ये आरोप सामने आए है कि राहुल गांधी ने लंदन में भी नागरिकता दिखाई हुई है और अब इस पूरे मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी। उन्होंने यह कहा कि फिलहाल कोर्ट ने केवल जांच के ही आदेश दिए हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के काफिले को रोक कर उनके साथ बदतमीजी के आरोप लगे है जिसे लेकर मंत्री अनिल विज बोले कि ये बहुत गलत बात है, कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखना सरकार का दायित्व है, लेकिन सबके मान सम्मान की रक्षा करना भी सरकार का दायित्व है।

### विज के प्रयासों से तह-बाजारी के दुकानदारों को मिला दुकानों का मालिकाना हक, रजिस्ट्रियां हुई

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों से स्वामित्व योजना के तहत तह-बाजारी के दर्जनों दुकानदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक मिला और उनकी दुकानों की रजिस्ट्रियां हुई जिसपर दुकानदारों ने आज मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के आवास पर राय मार्केट एवं अन्य बाजारों से दर्जनों तह-बाजारी के दुकानदार पहुंचे। दुकानदार विनोद कुमार, अरूण साहू, सोनू दुआ, सुखविंद्र दुआ, वेदप्रकाश, सन्नी, मोंटी साहू, अभिषेक, सुभाष शर्मा, बिट्टू सचदेवा सहित अन्य दुकानदारों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी को इस योजना का लाभ मिल सका था और आज उन्हीं की बदौलत तह-बाजारी के दुकानदार अपनी दुकानों के मालिक बन सके हैं और उनकी दुकानों की रजिस्ट्रियां हो सकी है। इससे पहले वह नगर परिषद के किराएदार थे मगर अब वह दुकानों के मालिक है और दुकानों का नए सिरे से निर्माण करवा सकते हैं। दुकानदारों ने कहा वह दशकों से पुरानी दुकानों में ही अपना कारोबार चला रहे थे और अब मंत्री अनिल विज की वजह से वह दुकानों को नए सिरे से बना सकेंगे साथ ही वह दुकानों के मालिक बन सके है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से स्वामित्व योजना में अम्बाला छावनी को सम्मिलित किया गया था और नगर परिषद के 20 वर्ष से पुराने किराएदार व तह-बाजारी दुकानों के हजारों दुकानदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक मिल सका था।

# एमएनएस महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में गाड़े झंडे, जीता 80 हजार रुपये का इनाम

पंचकूला ऑब्जर्वर




**भिवानी।** शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता को सिद्ध करते हुए महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है।

करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भिवानी की टीम ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के चारों जोनों की सर्वश्रेष्ठ 12 टीमों ने भाग लिया था। ये वही टीमें थीं जिन्होंने अपने-अपने जोन में प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा किया था। इतने कड़े और उच्च स्तरीय मुकाबले में भिवानी राजकीय महाविद्यालय की बी.एस.सी. की छात्राओं मुस्कान, जया और दीपाली शर्मा की त्रिमूर्ति ने विज्ञान के जटिल प्रश्नों का बड़ी ही सटीकता से उत्तर दिया और उप-विजेता बनकर उभरीं। विजेता टीम को सम्मान स्वरूप ट्रॉफी और 80 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। गौरतलब है कि इस टीम की सफलता का सफर निरंतरता की मिसाल है। राज्य स्तर पर डंका बजाने से ठीक पहले 2 अप्रैल को हिसार जोन में आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भी इस टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 20 हजार रूपये का इनाम जीता था। इस प्रकार इस होनहार टीम ने अपनी प्रतिभा के बल पर कुल एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की है। छात्राओं की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कॉलेज परिसर में उत्सव का माहौल रहा। कॉलेज पहुंचने पर विजेता टीम और उनके मार्गदर्शक टीम इंचार्ज सहायक प्रोफेसर डॉ. रविकांत का भव्य स्वागत किया गया। प्राचार्य और अन्य प्राध्यापकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर प्राचार्य जगबीर सिंह श्योराण ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित होता है। हमारी टीम ने लगातार कई वर्षों से जोनल और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जिसका पूरा श्रेय हमारे विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों की मेहनत और छात्राओं के समर्पण को जाता है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पिछले कई वर्षों से संस्थान विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसी जीत अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढने् के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. हरिओम शर्मा, अनिल कुमार, डा. कुलवीर सिंह, सतीश कुमार, सुनीता, कुसुम, निधि, सलमा खान, सुषमा, हीना, शक्ति, सुधीर सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सीबीएससी में 499 अंक प्राप्त करने वाली राष्ट्रीय खिलाड़ी की पौती को दी बधाई

**भिवानी.** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त खिलाड़ी कैलाश चंद शर्मा उर्फ कल्लू की पोती वृंदा द्वारा सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में 500 में से 499 अंक प्राप्त करने पर बधाई दी है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने भी वृंदा को बधाई देते हुए उसे 21 हजार रूपये प्रोत्साहन राशी देने की घोषणा की है। आज आचार्य देवव्रत ने कैलाश चंद से दूरभाष पर बातचीत की और दादा व पोती दोनों को बधाई देते हुए कहा कि होनहार वृंदा ने न केवल परिवार का बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि वृंदा ने भी अपने दादा की भांती सभी प्रदेशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर बेटी वृंदा चाहे तो आजीवन कुरूक्षेत्र स्थित चमन वाटिका गुरूकुल में मुफ्त शिक्षा भी ग्रहण कर सकती है। वृंदा की उपलब्धि पर भिवानी महापंचायत ने आज एक आपात बैठक बुलाकर वृंदा को 1 लाख रूपये ईनाम राशी देने का निर्णय लिया है। महापंचायत के संरक्षक बृजलाल सर्राफ, संयोजक संपूर्ण सिंह, उद्योगपति धर्मेश शाह, विनोद मृग, रामदेव तायल व दीपक बंसल आदि ने बैठक करके यह घोषणा की। महापंचायत ने यह भी निर्णय लिया कि वृंदा, परिजनों, उसके स्कूल स्टाफ, स्कूल प्रबंधक समिति आदि को आगामी 21 अप्रैल को आचार्य देवव्रत के भिवानी दौरे के दौरान उनके हाथों सम्मानित भी करवाया जाएगा। महापंचायत द्वारा घोषित एक लाख रूपये राशी भी आचार्य देवव्रत को हाथों दिलवाई जाएगी। गौरतलब है कि वृंदा के दादा कैलाश चंद शर्मा क्रिकेट के जाने-माने खिलाड़ी थे।

## गैस संकट और किसानों के मुआवजे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# बढ़ती महंगाई ने प्रदेश के हर आम आदमी की कमर तोड़ दी : राव नरेंद्र सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** जिला कांग्रेस कमेटी रेवाड़ी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अगवाई में प्रदेश व केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के महामहिम राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त रेवाड़ी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राव नरेंद्र सिंह ने बढ़ती महंगाई, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि, गैस की किल्लत, आम जनता की परेशानियों तथा हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब, मध्यम वर्ग और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और कई स्थानों पर आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से महिलाओं और परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राव नरेंद्र सिंह ने रेवाड़ी मंडी का दौरा किया और वहां पर किसानों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि यहां भी बदहाली का आलम है और किसान मजबूर है। यहां भी मंडी में अव्यवस्थाएं देखने को मिली। किसान का फसल मंडी में खुले में पड़ी है। आकाश में छाए बादल छाए हुए हैं। मौसम कभी भी खराब हो सकता है। ऐसे में किसान के माथे पर चिंता की लकीरें बनी हुई है। क्योंकि सरकार के पास खुले में रखी फसल को बचाने के लिए कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया कि हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, जिससे किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं। सरकार को तुरंत विशेष गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

राव नरेंद्र सिंह ने राज्यपाल महोदय से आग्रह किया कि वे जनता और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दें।

## अचानक पट्टी अफगान खेल स्टेडियम पहुंचे सांसद नवीन जिंदल

**कैथल.** सांसद नवीन जिंदल ने कैथल से चीका जाते समय खानपुर श्री गुरु गोविंद सिंह खेल स्टेडियम पट्टी अफगान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों और युवाओं से मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनी। प्रैक्टिस कर रही महिला खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम में शौचालय की भारी कमी है।

साफ सफाई करने के लिए उनके पास उपकरण तक नहीं है। यहां तक की खेलों का सामान नहीं है। बिल्डिंग खस्ता हालत में है। सुरक्षा के लिए कोई सिक्योरिटी गार्ड या चौकीदार नहीं है। यहां तक की बैडमिंटन और वॉलीबॉल का कोच भी यहां नहीं है। साथ ही पीने की स्वच्छ पानी की भी कमी है। सांसद नवीन जिंदल ने उन्हें कहा कि आपका भाई आपके बीच है। आप सांसद की बजाय भाई समझ कर अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्टेडियम में जिम का सामान उनकी तरफ से दिया जाएगा। खिलाड़ियों को खेलों के लिए जो सामान चाहिए वह भी वे उपलब्ध कराएंगे। पीने का पानी और छोटे उपकरण आदि भी वे जल्दी उपलब्ध करवा देंगे। इसके अतिरिक्त जो व्यवस्थाएं सरकार के स्तर पर होनी हैं। उसके लिए उन्होंने मौके पर ही वीडियो शूट करके खेल विभाग के आलाधिकारियों को अपने खुद के फोन से वीडियो रिकॉर्ड करके भेजा कि यहां जल्द से जल्द सुधार किया जाए। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने का एकमात्र जरिया खेल है और यदि खेल सुविधाएं सुदृढ़ होगी तभी देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन होगा। उन्होंने अपनी टीम को निर्देश देते हुए कहा कि लगातार खिलाड़ियों के संपर्क में रहकर स्टेडियम को चकाचक बनाने में जुट जाएं। बच्चों ने सांसद के साथ सेल्फी भी ली। सांसद नवीन जिंदल ने भी बच्चों के साथ फोटो खिंचवाते हुए उन्हें बड़े होकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया । युवा अमित, देवेंद्र, अंकित व प्रेरणा आदि ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई ऐसा नेता उनके बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेगा।

‘लोग बुलाते हैं, पर बोलने को मना करते हैं’; फैंस ने की ये अपील

# रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर पर कसा तंज

**रणवीर** शौरी ने पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके इस खुलासे ने एक नई बहस को जन्म दिया है। रणवीर शौरी हाल ही में रजत कपूर की फिल्म 'एवरीबॉडी लव्स सोहराब हांडा' में नजर आए हैं। इसमें उनके साथ विनय पाठक भी अहम भूमिका में दिखाई दिए हैं। फिल्म को क्रिटिक्स से अच्छी प्रतिक्रिया हासिल हुई है। इस बीच रणवीर शौरी ने पॉडकास्ट को लेकर एक पोस्ट किया, जिसके बाद पॉडकास्ट कल्चर को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है।

पॉडकास्ट को लेकर वायरल हुई रणवीर



शौरी की पोस्ट

अपनी बात बेबाकी से कहने के लिए मशहूर शौरी ने अपने प्रमोशन के दौरान का एक अनोखा अनुभव साझा किया। उन्होंने पॉडकास्ट को लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, ‘कुछ लोग मुझसे उम्मीद करते हैं कि मैं किसी नई फिल्म के प्रमोशन के लिए पॉडकास्ट पर आऊं और ज्यादा बात न करूं। इस दुनिया को खुश करना नामुमकिन है।’ व्यंग्य से भरी रणवीर की यह टिप्पणी तुरंत वायरल हो गई। इस पर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। वहीं पॉडकास्ट कल्चर को लेकर भी एक बहस शुरू हो गई।



# ‘जाने अनजाने हम मिले’ में गौरी अग्रवाल का नेगेटिव किरदार, बोलीं- ये चुनौतीपूर्ण रहा

**टीवी** शो ‘जाने अनजाने हम मिले’ में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, ‘शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे। गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, ‘कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी।

उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें। ‘

## एली अवराम ने आमिर और शाहरुख को लेकर कही ये बात

# ‘बड़े स्टार्स के बारे में गलत है नए एक्टर्स की सोच’

एली अवराम ने फिल्मों में काम करने के अलावा कई आइटम नंबर भी किए हैं, जिनसे उन्हें सुर्खियां मिली हैं। एली पिछले लंबे वक्त से इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और इस दौरान उन्हें कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ भी काम करने का मौका मिला है। हाल ही में एली अवराम ने स्टार्स के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने आमिर खान को लेकर अपनी राय भी रखी और बताया कि उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

अपने काम को लेकर पेशेवर होते हैं स्टार्स

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान एली अवराम ने बड़े स्टार्स के बारे में अपनी राय साझा की। एक्ट्रेस ने बड़े स्टार्स को लेकर कहा कि उनसे मैंने एक बात सीखी है कि वे अपने काम का बहुत सम्मान करते हैं। उनमें बहुत अनुशासन है और वे बेहद विनम्र हैं। यह देखना बहुत अच्छा लगता है कि वे अपने काम के प्रति कितने पेशेवर और समर्पित हैं और फिर भी आगे बढ़ना और बेहतर करना चाहते हैं।

बड़े सितारों के साथ काम करते हुए मैंने जो सबसे अच्छी बात देखी है, वह यह है कि मुझे कभी-कभी लगता है कि नए कलाकारों की इन स्टार्स के व्यवहार के बारे में जो सोच है, वह पूरी तरह गलत है। बड़े स्टार्स बहुत पेशेवर होते हैं, अपने साथ काम करने वालों के प्रति दयालु होते हैं, और वे नखरे नहीं दिखाते या अपनी धौंस नहीं जमाते।

2021 में आई फिल्म ‘कोई जाने ना’ के गाने ‘हर फन मौला’ में आमिर खान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी एली ने बात की। उन्होंने कहा कि आमिर खान एक परफेक्शनिस्ट होने के साथ-साथ बेहद विनम्र भी हैं। वह सबसे बात करते हैं, सबका सम्मान करते हैं। वह आपकी राय की परवाह करते हैं और उस पर विचार भी करते हैं, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं करते।

### शाहरुख खान की बड़ी फैन हूं

एली अवराम ने सलमान खान और आमिर खान के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें अभी तक शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला है। हालांकि, शाहरुख से उनकी मुलाकात हो चुकी है। शाहरुख से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए एली ने कहा कि मैं शाहरुख खान से पहली बार 2013 में एक रियलिटी शो के सेट पर मिली थी। वह वहां जज थे और मैं ‘मिक्की वायरस’ के प्रमोशन के लिए गई थी।

उन्होंने पोस्टर में मेरे लुक की तारीफ की। यह मेरे लिए एक यादगार पल था, क्योंकि मैं शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हूं। उनके साथ काम करना मेरे लिए मानो आखिरी मौका है। ‘देवदास’ पहली पूरी बॉलीवुड फिल्म थी, जो मैंने देखी। मुझे वह फिल्म इतनी पसंद आई कि मैं रो पड़ी, मेरे दोस्त शाहरुख खान के दीवाने हो गए थे। जिस दिन मैं उनके साथ काम करूंगी, स्वीडन में मेरे दोस्तों के लिए वह बहुत बड़ी बात होगी।



# संयुक्ता मेनन ने पूरी की ‘द ब्लैक गोल्ड’ की शूटिंग


### टीम के लिए लिखा इमोशनल नोट

**दक्षिण** भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय और प्रतिभाशाली अभिनेत्री संयुक्ता मेनन बेहतरीन परफॉर्मेंस से इंडस्ट्री में अपनी एक मजबूत पहचान रखती हैं। गुरुवार को अभिनेत्री ने एक्शन थ्रिलर फिल्म ‘द ब्लैक गोल्ड’ की शूटिंग का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग के आखिरी शेड्यूल की तस्वीरें पोस्ट कीं। इसके साथ उन्होंने एक नोट शेयर कर पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री ने लिखा, ‘सिनेमा कभी भी किसी एक व्यक्ति का सफर नहीं होता। बल्कि, यह कई विभागों में काम करने वाले अनगिनत लोगों के हाथों, दिलों और मेहनत का साथ होता है। सब एक ही लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। हमने जो कुछ भी यहां बनाया है, वह इसी टीम भावना का नतीजा है। मैं इस पूरी टीम के प्रति बहुत आभारी हूं। ‘ संयुक्ता ने फिल्म के निर्देशक योगी को खास तौर धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने लिखा, ‘योगी सर, हर चीज के लिए आपका शुक्रिया। आपका भरोसा और मार्गदर्शन मेरे लिए शब्दों से परे है। उन्होंने मंचेरियल की कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि शूटिंग के दौरान तेज धूप और गर्मी ने काफी परेशान किया। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। फिर भी पूरी टीम ने हिम्मत नहीं हारी। मंचेरियल ने हमारी हर तरह से परीक्षा ली। सूरज की तपिश बहुत तेज थी, लेकिन हमारी टीम उससे भी ज्यादा मजबूत निकली। गर्मी, थकान और हर मुश्किल के बावजूद सब डटे रहे। पूरी ताकत, जुनून और एक लक्ष्य के साथ काम किया। ऐसा हौसला बहुत कम देखने को मिलता है। इस टीम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। अभिनेत्री ने फिल्म के हर सदस्य को धन्यवाद देते हुए लिखा, ‘आप सबने नामुमकिन को मुमकिन बना दिया, जिसके लिए सभी का दिल से शुक्रिया। आप मेरी ताकत हो। जब मैं ऐसी मुश्किल शूटिंग करती हूं, तो मेरा शरीर थकान, डिहाइड्रेशन और सनबर्न महसूस करता है, लेकिन आपकी देखभाल, आपका साथ और आपकी मौजूदगी मुझे हर बार आगे बढ़ने की हिम्मत देती है। ‘



# ‘संस्कारों पर टिके रहना चाहिए’

सूरज बड़जात्या ने अपनी आगामी फिल्म ‘ये प्रेम मोल लिया’ को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि क्या ‘धुरंधर’ जैसी फिल्मों के बीच, इस तरह की पारिवारिक फिल्में सफल हो सकती हैं या नहीं... सूरज बड़जात्या ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘मैने प्यार किया’ से की थी। इसके बाद उनकी दो और फिल्में ‘हम आपके हैं कौन’ और ‘हम साथ-साथ हैं’ भी ब्लॉकबस्टर रहीं। लेकिन साल 2003 में सूरज बड़जात्या की पहली फ्लॉप फिल्म ‘मैं प्रेम की दीवानी हूं’ रिलीज हुई। इसमें पहली बार उनकी फिल्म में सलमान खान नहीं थे। हाल ही में सूरज बड़जात्या ने बताया कि पहली फ्लॉप के बाद क्यों उन्हें लगा कि वो कहीं खो गए हैं। साथ ही उन्होंने ‘विवाह’ बनाने के पीछे के कारण के बारे में भी बात की।





### हमारी असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है

स्क्रीन स्पॉटलाइट से बात करते हुए सूरज बड़जात्या ने ‘मैं प्रेम की दीवानी हूं’ को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म के फ्लॉप होने के बाद ऐसा लगा कि जैसे मैं कहीं खो गया हूं। लेकिन यही वजह है कि मैं प्रेम की दीवानी हूं मेरे दिल के बहुत करीब है। हम सब इंसान हैं। हम सब सीखते हैं। हमारी हर असफलता हमें बहुत कुछ सिखाती है।

# अपारशक्ति ने एक समोसे के लिए तय किया दिल्ली से आगरा का सफर

अभिनेता अक्षय कुमार की सख्त डाइट और फिटनेस से हर कोई वाकिफ है। हाल ही में अभिनेता ने अपने क्विज रियलिटी शो ‘व्हील ऑफ फॉर्च्यून’ में बताया था कि उन्होंने पिछले 15 सालों से समोसा नहीं खाया है। दूसरी ओर अभिनेता अपारशक्ति खुराना समोसे की तलाश में आगरा जा पहुंचे। दरअसल, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें अभिनेता ने बताया कि उन्होंने आगरा का समोसा खाने के लिए दिल्ली से आगरा तक का सफर तय किया। वीडियो में अपारशक्ति आगरा के मशहूर समोसे का लुत्फ उठाते हुए कहते हैं कि उनका आगरा आना सफल हो गया। इसके बाद उन्होंने उस दुकान की मशहूर छेने की मिठाई भी खाई। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, ‘आगरा के पेठे के बाद अब आगरा के समोसे तेरे पीछे तो मैं पूरी तरह से फिदा हो गया हूं। ‘ अपारशक्ति का यह वीडियो सभी को काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर अपारशक्ति के दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में जमकर प्रतिक्रिया दी। म्यूजिशियन रोचक कोहली ने लिखा, ‘आपका कुर्ता अच्छा लग रहा है।’ अभिनेत्री दिलजोत ने लिखा, ‘हमें भी चाहिए आगरा के समोसे।’ जबकि, अभिनेता की पत्नी आकृति अहूजा ने हार्ट इमोजी से प्रतिक्रिया दी। अभिनेता हाल ही में फिल्म ‘जब खुली किताब’ में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने आर.के. नेगी नाम के एक छोटे वकील का किरदार निभाया है। उनका किरदार एक इमोशनल और काम की तलाश में रहने वाले वकील का है, जो पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया के बुजुर्ग जोड़े के तलाक के मामले को संभालता है। यह फिल्म एक ऐसे वृद्ध जोड़े (गोपाल और अनुसूया) की कहानी है, जो पांच दशक साथ रहने के बाद तलाक लेने का फैसला करते हैं, जिससे उनका परिवार हैरान रह जाता है।



# ‘कई ट्रायल के बाद फाइनल हुआ लैला का लुक’, ‘गली’ सीरीज के लिए हंसिका मोटवानी ने की कड़ी मेहनत

फिल्म और वेब सीरीज की दुनिया में किसी किरदार को यादगार बनाने के लिए सिर्फ अच्छी एक्टिंग ही काफी नहीं होती, बल्कि उस किरदार का लुक, पहनावा और पूरा व्यक्तित्व भी उतना ही मायने रखता है। दर्शक तभी उस किरदार से जुड़ पाते हैं। इन्हीं सबको ध्यान में रखते हुए अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने भी अपनी आने वाली सीरीज ‘गली’ की तैयारी की है। उन्होंने अपने किरदार के लिए किए गए ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर खुलकर बात की। हंसिका मोटवानी जल्द ही प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस सीरीज में ‘लैला’ नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस किरदार को खास बनाने के लिए हंसिका ने काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, ‘’लैला का लुक तैयार करने में काफी मेहनत लगी। यह एक बार में तय नहीं हुआ, बल्कि इसके लिए कई बार ट्रायल किए गए। इस किरदार में कई अलग-अलग पहलू हैं, इसलिए उसका लुक भी उसी हिसाब से तैयार करना जरूरी था। लगभग 3 से 4 बार अलग-अलग टेस्ट करने के बाद फाइनल लुक तय किया गया।’’

हंसिका ने कहा, ‘’लैला का स्वभाव और उसकी पर्सनैलिटी उसके लुक को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इस किरदार में एक खास नजाकत और तहजीब है, जिसे उसके कपड़ों और स्टाइल के जरिए दिखाना जरूरी था, इसलिए उसके पहनावे को काफी सोच-समझकर डिजाइन किया गया, ताकि वह किरदार के हर पहलू को सही तरीके से दर्शा सके। मेरा मानना है कि किसी भी किरदार की पहचान सिर्फ उसके डायलॉग से नहीं, बल्कि उसके पूरे लुक से बनती है।’’ उन्होंने आगे कहा, ‘’इस पूरे प्रोसेस में टीमवर्क बहुत जरूरी था। मैंने और सीरीज के डायरेक्टर ने मिलकर इस लुक पर काम किया। दोनों के पास अपने-अपने विचार थे। मैंने भी अपने सुझाव दिए और डायरेक्टर ने भी अपनी सोच साझा की, जिन्हें मिलाकर एक ऐसा लुक तैयार किया गया, जो किरदार के साथ पूरी तरह फिट बैठता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com